# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय : गच्ची बाउली, हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./एम आर/ 04 दिनांक : 12 दिसंबर, 2021

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## <u>बीडीएल में रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी</u>

भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की स्मृति में राष्ट्र द्वारा मनाए जा रहे 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर भारत डायनामिक्स लिमिटेड, कंचनबाग और विशाखापट्टणम इकाई में दि.13 से 19 दिसंबर, 2021 तक रक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की स्मृति में देशभर में 75 जगहों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन माननीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा वर्चुअल रूप से किया गया।

बीडीएल अपने टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, सतह से हवा में मार करनेवाली मिसाइल, हवा से हवा में मार करनेवाली मिसाइल, मिसाइल लॉचर्स, अंतर्जलास्त्र, प्रतिमारक अवसर्जन प्रणाली आदि के मॉडल प्रदर्शित करेगा। हैदराबाद, कंचनबाग और विशाखापट्टणम इकाई में दि. 13 से 19 दिसंबर तक कोविड सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करते हुए आम जनता के लिए प्रदर्शनी का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

बीडीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने कहा कि “यह पहली बार है, कि बीडीएल अपने परिसर में रक्षा उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन आम जनता के लिए कर रहा है।“

बीडीएल अपने विरासत की पाँच दशक के उत्पाद, चालू और भविष्यगामी परियोजनाओं का प्रदर्शन भी करेगा। साथ ही, हाई स्कूल और कॉलेज छात्रों को भी देखने की सुविधा की है जिससे उन्हें तकनीकी समूह के साथ बातचीत करते हुए प्रदर्शनी के माध्यम से उत्पादों में अनुप्रायोगिक विज्ञान के मूल सूत्र के प्रयोग के बारे में सीखने को मिलता है। प्रदर्शनी में प्रवेश हेतु वैध सरकारी पहचान-पत्र अनिवार्य है। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को अपने स्कूल या कॉलेज के पहचान-पत्र (आई डी कार्ड) दिखाने से ही अनुमति दी जाएगी।

---XXX---